मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 105, मुंबई, शनिवार, 15 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का टेंशन


## महायुति में बढ़ रहा तनाव, गठबंधन सरकार में खुलकर सामने आए मतभेद



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र की राजनीति गरमाई हुई है। बताया जा रहा है कि प्रदेश में एक बार फिर सियासी उठापठक हो सकती है। महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार, आगामी विधानसभा चुनाव और राज्यसभा नामांकन जैसे अनसुलझे मुद्दों को लेकर खुली चेतावनियों के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में तनाव बढ़ रहा है। इस बीच, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को रिक्त राज्यसभा सीट के लिए मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में असंतोष की खबरें सामने आई हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### प्याज संकट पर बोले अजित पवार

इस बीच, उपमुख्यमंत्री अजित पवार प्याज संकट के तत्काल समाधान की आवश्यकता के बारे में मुखरता दिखाते हुए किसानों और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए प्याज के लिए समर्थन मूल्य निर्धारित करने के महत्व पर बल दिया है। पुणे में उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने कहा कि अगर उन्हें केंद्र में राज्य मंत्री पद की पेशकश की जाती है तो वह इसका स्वागत करेंगी।



# मुंबई में बड़ा हादसा

## तीन मंजिला बिल्डिंग की दीवार गिरने से 2 महिलाओं की मौत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मायानगरी मुंबई में बड़ा हादसा हुआ है। शुक्रवार की रात एंटप हिल इलाके में स्थित विजय नगर में तीन मंजिला इमारत की दीवार गिरने से 2 महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि कई घायल हो गए हैं। मौके पर दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौजूद हैं। बचाव अभियान जारी है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के मुताबिक यह हादसा रात करीब 9 बजकर 25 मिनट पर हुआ। बिल्डिंग के दूसरे और तीसरे फ्लोर की दीवार का एक हिस्सा आंशिक रूप से ढह गया। जबकि, उसका कुछ हिस्सा खतरनाक ढंग से लटका था। इस घटना से इलाके में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी दमकल विभाग और पुलिस को दी। बचाव दल ने घटनास्थल से 2 मृत महिलाओं के शव बरामद किए हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# बीजेपी 'नागनाथ' तो कांग्रेस 'सांपनाथ'!

## 'एक्स' पर फूटा आंबेडकर का गुस्सा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** वंचित बहुजन आघाडी को बीजेपी की 'बी' टीम कहने वाले कांग्रेसी नेताओं पर वंचित के नेता प्रकाश आंबेडकर का गुस्सा फूटा है, आंबेडकर ने कांग्रेस को मुंहतोड़ जवाब दिया है। आंबेडकर ने बीजेपी को नागनाथ तो वहीं कांग्रेस को सांपनाथ बताया है। लोकसभा चुनाव में वंचित बहुजन अघाड़ी ने महा विकास अघाड़ी के साथ गठबंधन नहीं किया। इसलिए वंचित को निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ा। हालांकि चुनाव में कांग्रेस को भारी सफलता मिली। इसके 17 में से 13 उम्मीदवार जीत गए तो वहीं कांग्रेस के बागी उम्मीदवार विशाल पाटिल ने भी कांग्रेस को समर्थन दे दिया है। इससे उत्साहित कांग्रेस नेता वंचित को बीजेपी की बी टीम बताकर इसकी आलोचना कर रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# '40 साल हो गए, मेरी भी राज्यसभा जाने की इच्छा थी'

## छगन भुजबल का छलका दर्द

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एनसीपी (अजित पवार गुट) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल राज्यसभा का टिकट नहीं मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वह राज्यसभा जाने के इच्छुक थे। इसके लिए उन्होंने पार्टी के नेताओं से बात भी की थी लेकिन पार्टी ने उनकी जगह उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया। सुनेत्रा ने राज्यसभा के लिए नामांकन भी भर दिया है। पार्टी के इस फैसले के बाद से छगन भुजबल नाराज चल रहे हैं। छगन भुजबल ने कहा कि उन्होंने न केवल अभी बल्कि छह साल पहले भी राज्यसभा की उम्मीदवारी मांगी थी। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### मैं किसी ने नाराज नहीं...

उन्होंने कहा, मेरे साथ काम करने वाले मनोहर जोशी लोकसभा अध्यक्ष बने। मैंने सोचा कि हमें भी चलना चाहिए। कई मित्र कह रहे थे कि असेंबली में कितने दिन हैं। तो इच्छा व्यक्त की। दूसरे दिन बैठक हुई। फिर चर्चा हुई। अजीतदादा उस समय बाहर गए थे। चुनाव से एक दिन पहले इस पर चर्चा हुई थी। सभी ने सुनेत्रा ताई का नाम आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसी ने नाराज नहीं हूं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### संग्राम सत्रहवें दिन में आ पहुंचा है

**नरेंद्र भाई हवा का रुख भांप गए थे कि स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पाने की दलील दे कर आरएसएस इस बार उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने देगा। सो, उन्होंने भाजपा संसदीय दल की बैठक ही नहीं होने दी और एनडीए के सहयोगी दलों से समर्थन की चिट्ठियां इकट्ठी कर खुद को खुद ही प्रधानमंत्री नामित कर लिया। अनुचरों ने पूरी निर्लज्जता से इसे ह्यमोदी-3.0ह्न का खिताब दे दिया और हमारे नरेंद्र भाई ने इसे ह्यएनडीए की निरंतरताह्न के जुमले से नवाज दिया।**

सोचिए कि अगर नरेंद्र भाई मोदी का जन्मदाता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही जब दस बरस की उन की ऐंठू कार्यशैली को ले कर इतना उकता गया था कि संघ-प्रमुख मोहन भागवत से अपना दर्द खुलेआम व्यक्त करते रहा नहीं गया तो गैर-अंधभक्त भारतवासी इस बीच किस कदर कसमसाते रहे होंगे? कहने वाले तो अभी भी कह रहे हैं कि अगर इवीएम नहीं होतीं तो भारतीय जनता पार्टी पौने दो सौ सीटें भी पार नहीं कर पाती, मगर अगर 2024 के चुनाव नतीजे पूरी तरह पवित्र भी हैं तो सब पर अकेले भारी पड़ने वाले नरेंद्र भाई से बुरी तरह ऊबे हुए देश का संदेश उन के लिए साफ है। बावजूद इस संदेश के नरेंद्र भाई ने खुद को देश पर फिर थोप दिया। वे हवा का रुख भांप गए थे कि स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पाने की दलील दे कर आरएसएस इस बार उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने देगा। सो, उन्होंने भाजपा संसदीय दल की बैठक ही नहीं होने दी और एनडीए के सहयोगी दलों से समर्थन की चिट्ठियां इकट्ठी कर खुद को खुद ही प्रधानमंत्री नामित कर लिया। अनुचरों ने पूरी निर्लज्जता से इसे मोदी-3.0 का खिताब दे दिया और हमारे नरेंद्र भाई ने इसे एनडीए की निरंतरता के जुमले से नवाज दिया। दस साल में पहली बार उन के मुखारविंद से एनडीए-सरकार का उच्चार सुन कर हमारे लोकतंत्र की झोंपड़ी के भाग्य खुल गए। वरना एनडीए तो एनडीए, भाजपा-सरकार का नाम सुनने को भी, आपके-हमारे तो क्या, भाजपाइयों के कान भी, दस बरस में तरस गए थे। ऐसा नहीं है कि आरएसएस-प्रमुख ने पिछले दस साल में, और खासकर पिछले पांच साल में, नरेंद्र भाई की कार्यशैली से असहमति के संकेत नहीं दिए थे। वे कम-से-कम आधा दर्जन बार सार्वजनिक तौर पर ये इशारे कर चुके थे कि प्रधानमंत्री के कामकाज में जिस ठेंगा-शैली के दीदार हो रहे हैं, वह भारतीय जनमानस के मूल स्वभाव से मेल नहीं खाता है। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते गए, यह साफ होता गया कि इस बार संघ के स्वयंसेवक पहले सरीखे उत्साह के साथ भाजपा की डोली उठाने को तैयार नहीं हैं। आरएसएस की पारंपरिक सोच के अनुगामी यह देख कर बहुत असहज महसूस कर रहे थे कि उनके परिश्रम के गर्भ से जन्मे मौजूदा प्रधानमंत्री का रवैया अपने पितृ-संगठन को अनुदत्त मान कर चलने का हो गया है। यह वजह रही कि संगठन की शक्ति को व्यक्ति से ज्यादा तरजीह देने वाले स्वयंसेवकों को भाजपा के मोदीकरण से चिढ़ होने लगी थी। वे हर धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक गतिविधि पर अपनी मुहर ठोकने की नरेंद्र भाई की हवस को ले कर क्षुब्ध होने लगे थे। भाजपा के बहुत-से जहीन सांसद भी निजी बातचीत में कहने लगे थे कि हर चीज में मैं मैं की यह रट इतनी भयावह होती जा रही है कि जिस दिन मोदी डूबेंगे, पूरी भाजपा तिरोहित हो जाएगी।

# ईद के लिए धुलिया में 14 पुलिस चौकियां, ड्रोन से भी रखी जा रही है भी नजर

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**धुलिया।** पुलिस प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि ईद का जश्न शांतिपूर्वक और खुशी से मनाया जाए और कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा न हो, धुलिया में 14 स्थानों पर जांच चौकियां स्थापित की हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धिवरे ने बताया कि पुलिस ड्रोन से निगरानी करेगी। एसपी धिवरे ने ईद के शांतिपूर्ण उत्सव के लिए सभी से भारत के अच्छे नागरिक के रूप में सहयोग करने की भी अपील की। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक की। इस बैठक का मार्गदर्शन करते हुए एसपी धिवरे ने कहा कि वर्तमान समय में कोई भी समाज हो, कोई भी धर्म हो, कोई भी हो, वह अपने झंडा ऊंचा कर रहा है। पुलिस का 80% समय सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, बैनर, धर्म को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट पर खर्च होता है, इसलिए हमें अपना काम



करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता है, संविधान में कहा गया है कि सभी धर्म एक ही पंक्ति में हैं। किसी भी धर्म को श्रेष्ठ या निम्न नहीं माना जाता। हम सभी भारतीय संविधान के आदि हैं। इसलिए हम सब एक हैं। भारत का एक अच्छा नागरिक बनना सबसे कठिन काम है, हर किसी को एक अच्छा नागरिक बनकर यह साबित करना होगा कि वह एक देशभक्त है। दंगों के कारण शहर, जिला दस-पंद्रह साल पीछे रह जाता है। धूलिया से बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। सभी धर्मों को इस बारे में सोचना चाहिए, मैं नियमों पर चर्चा नहीं करना चाहता, हम कानून लागू करने के लिए बाध्य हैं, उस पर चर्चा करने के लिए नहीं। हम सार्वजनिक स्थानों पर आसानी से फोटो खींच लेते हैं, फोटो खींचते समय अचानक अजनबी लोग भी उस फोटो में कैद हो जाते हैं। विदेश में समय फोटो में कोई अजनबी आ जाए तो उसके लिए भी कानून है। ऐसे में फोटो वाला व्यक्ति बिना अनुमति के फोटो लेने के लिए आपको अदालत में घसीट सकता है। आपके खिलाफ मामला दर्ज हो सकता है। इसलिए कानून कैसे काम करता है इस पर मतभेद हो सकते हैं। एसपी ने खुले में मवेशियों की कुर्बानी न करने की भी अपील की। कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होने से बचने के लिए ईद के दौरान ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। 14 स्थानों पर चेक काउंटर बनाए जाएंगे। उन्होंने ने अपील की ईद हर्षोल्लास के साथ मनाएं। आईजी के साथ बैठक में बताया गया है कि धुलिया रेंज में गोहत्या के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। एसपी ने बताया कि 300 मामले दर्ज किए गए हैं। एसपी धिवरे ने यह भी अपील की कि लोग खुले में कुर्बानी न करें। बैठक में कलेक्टर अभिनव गोयल ने भी मार्गदर्शन किया। इस मौके पर अतीरिक्त पुलिस अधिक्षक किशोर काले, सहाय्यक पुलिस अधिक्षक ऋषीकेश रेड्डी, पशुसंवर्धन विभागा के अधिकारी भनगे, एलसीबी के पीआय श्रीराम पवार, आझादनगर के पीआय निवृत्ती पवार, देवपुर थाना के धनंजय पाटील, डीएसबी के रविंद्र देशमुख, पश्चिम देवपूर पुलिस थाना के सुरेश शिरसाठ, शहर वाहतुक शाखा के पुलिस निरीक्षक भूषण कोते, जितेंद्र परदेशी, शांतता कमिटी के सदस्य शव्वाल अन्सारी, हाजी साहब, साबीर शेख, अफसर पठाण, पूर्व नगरसेवक वसीम बारी, अमीन पटेल, मुख्तार मन्सुरी, डॉ।सरफराज अन्सारी, गुफराण पोपटवाले यांच्यासह मनपा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मधुबनी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** मधुबनी विश्व रक्तदाता दिवस हर साल 14 जून को दुनिया भर के लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह 14 जून, 1868 को कार्ल लैंडस्टीनर की जन्मदिन की सालगिरह पर मनाया जाता है। लैंडस्टीनर को एबीओ रक्त समूह की खोज के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था इसी अवसर पर मधुबनी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन माननीय सांसद चेयरमैन डॉ फयाज अहमद साहब ने दीप प्रज्वलित करके किया मोका पर डॉक्टर फैयाज अहमद साहब ने कहा की रक्तदान का अर्थ है खुन या लहु दान का अर्थ है दूसरो को देना इसलिए रक्तदान का अर्थ हुआ खुन को देना दान कई तरह के होते हैं जैसे अन्नदान श्रमदान नेत्र दान आदि इनमें रक्तदान सर्वश्रेष्ठ माना जाता है कारण यह है की दिये हुए रक्त से ऐक घायल या रक्त हीन बिमार व्यक्ति को नया जीवन मिलता है रक्तहीन आदमी का जीवन भाररूप होता है इसलिए लोग रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान मानते है इस समारोह में मेडिकल कॉलेज के प्रभारी प्राचर्य डॉ साजिद हुसैन अस्पताल के अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश गिरी, डॉ धीरज महासेठ, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ बिंदेश्वर महतो के साथ अन्य फैकल्टी मौजूद थे। कॉलेज के डॉक्टर्स जैसे की डॉ मुन्टा अनिल कुमार, डॉ धीरज महासेठ डॉ जफरुल और मेडिकल नर्सिंग के छात्रों ने अपना बहुमूल्य रक्तदान किया वहीं कॉलेज के निदेशक आसिफ अहमद ने कहा की रक्त सबसे अनमोल उपहारों में से एक है जो कोई दूसरे को दे सकता है। किसी व्यक्ति के जीवित रहने के लिए रक्त बहुत जरूरी है। कई बार दुर्घटना या किसी अन्य गंभीर बीमारी के कारण व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता हो सकती है और ऐसे समय में जो लोग अपना रक्तदान करने के लिए आगे आते हैं वे असल ज़िंदगी के सुपरहीरो होते हैं।

# आबशार हाशमी ने की धर्मेन्द्र यादव से मुलाकात दी जीत की बधाई

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेता तथा देश के प्रसिद्ध बडे छात्र नेता आबशार हाशमी उर्फ कन्हैया ने अपने साथियों के साथ आजमगढ़ लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद धर्मेन्द्र यादव से दिल्ली स्थित सांसद आवास पर शिष्टाचार भेट उन्होंने जीत की बधाई दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार यादव परिवार के बेहद करीबी सपा के राष्ट्रीय नेता तथा देश के छात्र नेता आबशार हाशमी उर्फ कन्हैया ने आजमगढ़ लोकसभा से धर्मेन्द्र यादव की जीत पर खुशी का इजहार करते हुए दिल्ली में सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव से शिष्टाचार भेट करते हुए उन्हें ऐतिहासिक जीत की मुबारकबाद देते हुए फुलो गुलदस्ता तथा फुलो की माला पहनाकर बधाई दी वहीं सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव ने नेता आबशार हाशमी को मिष्ठान खिलाकर आबशार हाशमी की सरहाना की सपा के राष्ट्रीय व छात्र नेता आबशार हाशमी ने कहा आजमगढ़ लोकसभा से धर्मेन्द्र यादव की हुई ऐतिहासिक जीत से प्रदेश के युवाओ मे नई उर्जा का संचार होंगा। सपा के नवनिर्वाचित सांसद तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र यादव संघर्षशील जमीनी नेता है वो हर समय जनता के हर दुख सुख में उनके साथ खडे रहते है तथा पार्टी में भी हमेशा युवाओ को आगे बढाने का काम करते हैं। धर्मेन्द्र यादव की इस ऐतिहासिक जीत से युवाओ का मनोबल बढ़ा है। नवनिर्वाचित सांसद धर्मेन्द्र यादव बेहद सरल स्वभाव, व नेक दिल होने के साथ साथ प्रदेश के लोकप्रिय नेता है जो हमेशा समय समय पर युवाओ का मार्गदर्शन करते हैं। उन्हे प्रदेश,तथा राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करने का अवसर देते हुए उन्हे आगे बढ़ाते हैं। इस दौरान उनके साथ समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन, अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष छात्र नेता सैय्यद मसूद उल हसन,पूर्व सपा दिल्ली प्रदेश महासचिव जाहिद अजीम, शरिक खान, जावेद तुर्क सहित आदि लोग उपास्थि रहे। ऑल इंडिया मीडिया क्लब के अध्यक्ष डॉ, एम, क्यू, मलिक गरीब मजदूर दबे पिछले लोगों की पार्टी को जो जन आधार मिला है वह जनता का सही फैसला है आगे जनता और मजबूती के साथ समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ने का काम करेगी जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश को सही दिशा देने में सुधढ़ होंगे। इस अवसर पर ऑल इंडिया मीडिया क्लब की ओर से यादव परिवार को ढेर सारी शुभकामनाएं।



मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# चेन स्नैचिंग करने वाला गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**धुलिया।** शहर के देवपुर क्षेत्र के नकाणे रोड इलाके में एक महिला का मंगलसूत्र चुराने वाले दादाभाई को एलसीबी की टीम ने महज कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से सवा दो लाख रुपए कीमत का मंगलसूत्र जब्त कर लिया। शिवप्रताप कॉलोनी नाकाने रोड निवासी हेमलता निर्मल कुमार चौधरी (48) शाम 7 बजे नकाणे रोड पर पैदल घर जा रही थीं, तभी एक चोर ने उनकी गर्दन पर झपट्टा मारा और उनका मंगलसूत्र खींच लिया। इस मामले में पश्चिम देवपुर पुलिस में मामला दर्ज कराया गया था। वारदात के बाद आरोपी के



पांजरा नदी की ओर भागने की सूचना मिलने पर एलसीबी पीआई श्रीराम पवार ने 3 टीमें गठित कीं। नकाणे रोड, साक्री रोड क्षेत्र में नाकाबंदी कर पांजरा नदी क्षेत्र में आरोपी की तलाश शुरू की गई। फरियादी महिला द्वारा जो वर्णन किया गया उसके अनुसार योगेश उर्फ दादाभाई हिरामन पाटिल (28) की पहचान कर ली गई। दादाभाई वंजार गली सुभाष नगर, पुराने धुलिया से पकड़ा गया। उसके शरीर की तलाशी के दौरान 2 लाख 23 हजार रुपये कीमत का सोने का मंलग सूत्र मिला। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धिवरे के मार्गदर्शन में एलसीबी पीआई श्रीराम पवार, पीएसआई योगेश राऊत, अमरजीत मोरे, संजय पाटिल, दिलीप खोंडे, शाम निकम, धनंजय मोरे, मुकेश वाघ, चेतन बोरसे, रवि किरण राठौड़, पंकज खैरमोडे, योगेश राऊत पुलिस अधीक्षक किशोर काले, संदीप सर्ग, प्रकाश सोनार, तुषार सूर्यवंशी, शशिकांत देवरे, महेंद्र सपकाल, सुशील शेंडे, हितेंद्र वाघ, हर्षल चौधरी, अमोल जाधव, सुनील ने यह कार्रवाई की।

# मातोश्री पर आदित्य ठाकरे के जन्मदिन पर पत्रकार जफरसिद्दीकी ने किया आदित्य ठाकरे का सत्कार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाविकासआघाडी नेता शिवसेना नेता युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे का जन्मदिन शिवसेना और इंडिया महाविकास आघाडी के पदाधिकारी कार्यकर्ता और दोस्त मित्रो ने बडे हर्षोल्हास के साथ आदित्य ठाकरे के बांद्रा निवासस्थान मातोश्री पर धुमधाम से मनाया। युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे के जन्मदिवस पर हार्दिक अभीष्टचिंतन। युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे के जन्मदिवस के अवसर पर मुंबई के हर इलाके से लोगों ने युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी शुभकामनाएं देने वालों की भीड़ में युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे ने सभी का पधारना एवं बधाई स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। गुरुवार ता. 13 जून को उनके के निवास स्थान मातोश्री पर जन्मदिन पर बधाई देने के लिए शेकडो इंडिया महाविकास आघाडी के



नेता सांसद, विधायक, कई नेता कार्यकर्ता एंव पदाधिकारी एंव दोस्त मित्र लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे ने सभी से मुलाकात की, शुभकामनाएं स्वीकार की और सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस शुभ मौके पर ऑल इंडीया कॉंग्रेस वर्कस कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफरसिद्दीकी ने युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। ऑल इंडिया कॉंग्रेस वर्कर्स कमिटी के उत्तर मध्य जिला अध्यक्ष उसमानखा उर्फ लाला ने युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। 13 जुन को गुरुवार को सुबह से ही सभी उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए उनके बांद्रा के मातोश्री आवास पर इंडिया महाकविास आघाडी के सांसद, विधायक, नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता दोस्त मित्रों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। इस मौके पर प्रमुख इस शुभ मौके पर ऑल इंडीया कॉंग्रेस वर्कस कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफरसिद्दीकी ने युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरे को शाल और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। किसी ने फेसबुक, व्हास्टअप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के जरिए तो किसी ने फोन करके तो किसी ने मुलाखात लेकर दि जन्मदिन की बधाई दि। सोशल मीडिया की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही, शहर के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेल, उद्योग, प्रशासन, पत्रकारिता, सहकारिता, महिला स्वयं सहायता समूहों आदि क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मुंबईकर भी युवा सेना प्रमुख विधायक आदित्य ठाकरी को जन्मदिन की बधाई दी। मुंबई के हर इलाके किसी ने सोशल मीडिया पर किसी ने फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर से तो किसी ने मोबाइल फोन पर जन्मदिन की बधाई दी, बधाई देने आए सभी शुभचिंतकों और मित्रों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, उनकी शुभकामनाओं को स्वीकार किया और उनसे बातचीत की।



# युवासेना प्रमुख, आमदार व शिवसेना नेते आदित्य ठाकरे जी के जन्मदीन की बधाई गई

13 जून 2024 गुरुवार युवासेना प्रमुख, आमदार व शिवसेना नेते आदित्य ठाकरे जी के जन्मदीन की बधाई गई उनके निवास मातोश्री कालानगर बांद्रा (पूर्व) मुंबई मे शॉल और पुष्पुक देकर बधाई दी मो. शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) और भी अन्य लोगो ने भी बधाई दी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### बीजेपी 'नागनाथ' तो कांग्रेस 'सांपनाथ'!

इस पर प्रकाश आंबेडकर का गुस्सा फूट पड़ा। वंचित के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स के जरिए अपना गुस्सा जाहिर किया है। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यदि मैं बीजेपी की बी टीम हूं तो पैसा कहां है? मैं पुणे में एक साधारण 2 बीएचके फ्लैट में रहता हूं। वंचित बहुजन अघाड़ी और मेरी निजी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक डोमेन में है। इसे कोई भी प्राप्त कर सकता है। समय ने दिखाया है कि मैंने भाजपा के प्रस्ताव को अनगिनत बार अस्वीकार किया है। जो लोग आरोप लगा रहे हैं कि वे भाजपा की बी टीम हैं, उन्हें मुंबई में हमारे पार्टी कार्यालय में आना चाहिए। हमारा पार्टी कार्यालय आपके भव्य आधुनिक बाथरूम से छोटा है। बार-बार उन्हीं सवालों का जवाब देकर थक गया हूं। उन्होंने साव पूछा कि क्या मैं बीजेपी की बी टीम हूं? अगर आपने हमें वोट दिया होता तो क्या हम संविधान बचाने के लिए खड़े नहीं होते? सोचना! संविधान बचाने की लड़ाई हमने शुरू की थी, उन्होंने नहीं. यदि वे संविधान बचाना चाहते तो सबसे पहले इसे नष्ट नहीं करते। भाजपा और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भाजपा अपने एजेंडे को छुपाती नहीं है और खुलेआम अलगाववादी एजेंडे को बढ़ावा दे रही है। गौरतलब हो कि लोकसभा चुनाव में वंचित बहुजन आघाडी का एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत पाया, बल्कि उसके ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी जब्त हो गई। दूसरी तरफ कांग्रेस को मिली बड़ी जीत से महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता बेहद उत्साहित हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का टेंशन!

अजित पवार के इस कदम से एनसीपी में असंतोष भड़क गया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने नाराजगी व्यक्त की है, जो राज्यसभा सदस्य बनना चाहते थे। प्रमुख ओबीसी नेता भुजबल ने पार्टी की निर्णय प्रक्रिया में दरकिनार किए जाने की भावना का संकेत देते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों चुनावों के लिए टिकट आवंटन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि (उन्हें टिकट न दिए जाने के) पीछे कारण हो सकते हैं। कभी-कभी यह नियति या किसी प्रकार की मजबूरी होती है। उन्होंने इस सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया कि क्या वंशवाद की राजनीति के चलते ऐसा हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा और राज्यसभा टिकट को लेकर उनके साथ अन्याय हुआ है, भुजबल ने स्पष्ट रूप से नाराज होते हुए कहा कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए। भुजबल ने कहा कि यह (सांसद बनने की) मेरी इच्छा है। इसलिए मैं नासिक लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार था। मुझे बताया गया कि दिल्ली में मेरा टिकट तय हो गया है, मैंने काम करना शुरू कर दिया था, लेकिन जब (नाम की घोषणा का) फैसला एक महीने तक लटका रहा, तो मैंने काम बंद कर दिया क्योंकि काफी अपमान हो चुका था। नासिक से टिकट अंततः शिवसेना के हेमंत गोडसे को मिला, जो चुनाव में प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) के राजाभाऊ वाजे से हार गए। अजित पवार ने शुक्रवार को अपनी पार्टी में स्पष्ट असंतोष को कम करने का प्रयास करते हुए कहा कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए उनकी पत्नी को उम्मीदवार बनाने का निर्णय राकांपा की शीर्ष इकाई ने लिया है। उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि भुजबल नाराज हैं। कैबिनेट मंत्री भुजबल सुनेत्रा पवार के नामांकन के बाद नाराज हैं, मीडिया में आई इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर राकांपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सहयोगी ने खुद बताया है वह नाराज नहीं हैं।

### मुंबई में बड़ा हादसा

मृतकों की पहचान शोबादेवी मौर्य (45) और जाकिरुनिस्सा शेख (50) के रूप में हुई है। दोनों को सायन अस्पताल में मृत घोषित किया गया है। बचाव अभियान अभी जारी है। इससे पहले कल्याण में ऐतिहासिक दुगाडी किले का एक हिस्सा ढह गया। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में कल्याण में 17वीं सदी की संरचना के किले का एक हिस्सा ढहता हुआ दिखाई दे रहा है। किले के हिस्से के ढह जाने के बाद अधिकारियों ने अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख रवि पाटिल ने कहा कि पुरातत्व विभाग के साथ कुछ मुद्दों के कारण किले के जीर्णोद्धार में देरी हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किले के जीर्णोद्धार के लिए पहले ही 12.5 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए हैं और ढाई करोड़ रुपये की पहली किस्त वितरित की जा चुकी है।

### '40 साल हो गए, मेरी भी राज्यसभा जाने की इच्छा थी'

उन्होंने कहा कि मेरी दिलचस्पी तभी हो गई जब छह साल पहले प्रफुल्ल पटेल को राज्यसभा भेजा गया। मैंने सोचा कि समय आने पर हम बात करेंगे। मगर पार्टी ने किसी और को भेजने का फैसला किया है। दरअसल, राज्यसभा के उम्मीदवारों की रेस में छगन भुजबल का भी नाम था लेकिन पार्टी ने उनकी जगह डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी को उतारने का फैसला किया। भुजबल ने कहा कि उनकी भी राज्यसभा में जाने की इच्छा थी। विधानसभा में 40 साल हो गए। मंत्री पद मिला। उम्र बीत गई। कभी-कभी मैं संसद जाऊंगा। जिसे मैंने शाखा का प्रमुख बनाया। वह संसद के लिए चुने गए और मंत्री बने। मैं भी ऐसा सोचा। छगन भुजबल ने आगे कहा कि आपकी हर इच्छी पूरी हो ये जरूरी नहीं। हर किसी को पार्टी के फैसले को स्वीकार करना होता है।

यह घातक हथियार दुश्मन के घर में घुसकर मचा देगा तबाही

200 मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर दुश्मन को नहीं आएगा नजर

नागपुर की कंपनी ने नागस्त्र-1 का पहला बैच भारतीय सेना को सौंपा

# भारतीय सेना को मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र 1'

*स्वदेश में विकसित नागस्त्र-1 आत्मघाती ड्रोन की पहली खेप भारतीय सेना को मिल गई है। नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने इन घातक ड्रोनों को विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लॉइटरिंग म्यूनिशन की आपूर्ति का ऑर्डर दिया था। इनमें से 120 की डिलीवरी कर दी गई है।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय सेना को बेहद घातक हथियार मिल गया है। नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीज ने पहला स्वदेशी लॉइटरिंग म्यूनिशन नागस्त्र-1 भारतीय सेना को सौंप दिया है। नागस्त्र-1 दुश्मन के घर में घुसकर हमला करने में सक्षम है। यह एक आत्मघाती ड्रोन है, जो दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही बचा देगा। बता दे कि भारतीय सेना को 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' मिले हैं। नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' का पहला बैच भारतीय सेना को सौंपा है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।

## आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन के दिए गए हैं ऑर्डर

भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं।

### घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच

*भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है।*

## आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर हो सकेंगे सटीक हमले

यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोप्लशन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता। इसे आसानी के साथ जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। यह 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम है और 15 किमी. तक निगरानी करके आसानी से लक्ष्य भेद सकता है। इससे आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर सटीक हमले किये जा सकेंगे।



### मात्र 9 किलोग्राम वजनी है मोड रेंज 30 किमी

नागास्त्र-1 आत्मघाती ड्रोन है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की सटीकता के हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोप्लशन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता।

### सौदे से जुड़ी खास बातें

- रक्षा क्षेत्र में 'मेक-इन-इंडिया' के तहत सेना ने 480 नागस्त्र-1 ड्रोन का दिया था ऑर्डर।
- यह आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम हैं।
- यह सौदा करीब 300 करोड़ रुपए का हो सकता है।
- आपातकालीन प्रावधानों के तहत सेना ने दिया था ऑर्डर।
- अब तक विदेश से खरीदे जाते थे ऐसे ड्रोन, ईईएल बनी पहली स्वदेशी कंपनी।

### ड्रोन की खासियतें

- आसानी से जमीन से किया जा सकता है लॉन्च।
- 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम।
- 15 किमी तक निगरानी और लक्ष्य भेद सकता।
- आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर कर सकेंगे सटीक हमला।

## रूस ने दोनों देशों के बीच शांति बहाल को लेकर कई और मांगें रखी

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के साथ सीजफायर करने को तैयार

*रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के सामने कई शर्तें रखी है। उन्होंने कहा कि हम इस जंग का अंतिम समाधान निकालने के लिए बिना देरी के बातचीत करने के लिए तैयार हैं।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन से सीजफायर को तैयार हो गए हैं, लेकिन उन्होंने इसके लिए एक शर्त रखी है। जानकारी के अनुसार पुतिन ने कहा कि अगर यूक्रेन कब्जे वाले क्षेत्रों से सेना हटा लेता है और नाटो में शामिल होने का प्लान छोड़ देता है तो युद्ध रुक सकता है। पुतिन ने कहा कि उन्होंने ऐसी शर्त इसलिए रखी है ताकि इस जंग का अंतिम समाधान निकल जाए. मास्को में रूसी विदेश मंत्रालय में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि रूस बिना देरी के बातचीत के लिए तैयार है।



### 'इतिहास के दर्दनाक पन्ने को पलटने का समय'

रूस के राष्ट्रपति ने कहा, "हम इतिहास के दर्दनाक पन्ने को पलटने की ओर रूस, यूक्रेन और यूरोप के बीच एकता बहाल करने का आग्रह कर रहे हैं। रूस की ओर से कोई नई मांगें नहीं रखी गई है। रूस पहले से भी युद्ध को रोकने के लिए ऐसी मांगें कर चुका है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की यह टिप्पणी इटली में हो रहे जी 7 शिखर सम्मेलन के बीच आई है। इससे पहले 8 जून को पुतिने ने यूक्रेन में युद्ध जीतने के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इनकार किया था।

### यूक्रेन के सैन्य बलों पर लगे प्रतिबंध

रूस के राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच शांति बहाल को लेकर कई और मांगें रखी है, जिसमें यूक्रेन की गैर-परमाणु स्थिति, उनके सैन्य बलों पर प्रतिबंध और रूसी भाषा वाले लोगों के हितों की रक्षा करना शामिल है। पुतिन ने कहा, ये सभी मौलिक अंतरराष्ट्रीय समझौतों का हिस्सा बनना चाहिए और रूस के खिलाफ सभी पश्चिमी देशों का प्रतिबंध हटा दिया जाना चाहिए, तभी सीजफायर हो सकता है।

### कीव की प्रशासनिक सीमाएं मास्को को सौंपे

पुतिन ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि कीव को इन क्षेत्रों से पूरी तरह से हट जाना चाहिए और इन क्षेत्रों की प्रशासनिक सीमाओं को मास्को को सौंप देना चाहिए। कीव को अपने क्षेत्रीय लाभ को पहचानना चाहिए और नाटो में शामिल होने की मांग को छोड़ देनी चाहिए। हालांकि, यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर रूस ने अभी किसी पर भी पूरी तरह से नियंत्रण नहीं किया है।

आगजनी में भारतीय नागरिकों की हुई थी मौत

# वायुसेना के सी-130जे विमान से कुवैत से स्वदेश पहुंची 45 भारतीयों की पार्थिव देह

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के विशालकाय परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्युलिस से कुवैत की एक रिहायशी इमारत में लगी भयंकर आग में मारे गए 45 भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर लेकर भारत के कोच्चि पुहंचे।

कुवैत में मौजूद भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी। कोच्चि से एक अन्य विमान मृतकों में से कुछ लोगों के पार्थिव शरीर लेकर राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हो गया। क्योंकि 45 मृतकों में से केरल के 23 लोगों को छोड़कर बाकी बचे हुए लोगों में से सात लोग तमिलनाडु से, तीन-तीन क्रमशः आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश से, दो ओडिशा, एक-एक क्रमशः बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से हैं। दिल्ली में प्रदेश सरकार के अधिकारी मृतकों की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंपेंगे। भारतीय दूतावास के मुताबिक, वायुसेना के एक विशेष विमान ने कुवैत की आग में मारे गए 45 भारतीयों के पार्थिव शरीर लेकर भारत के कोच्चि के लिए उड़ान भरी थी।

### इलेक्ट्रिक सर्किट की वजह से हुआ हादसा

*पिछले बुधवार को कुवैत के मंगाफ शहर में इस दुखद घटना के सामने आने के बाद विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर कुवैत की यात्रा की थी और वहां पहुंचकर कुवैत सरकार के अधिकारियों से इस हादसे में मारे गए भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द स्वदेश पहुंचाने की सारी व्यवस्था की। कुवैत के प्रशासन ने आग लगने के इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान करने के लिए डीएनए जांच के बाद उनके शरीर भारतीय अधिकारियों को सौंपे। इमारत में हुए इलेक्ट्रिक सर्किट की वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ था।*

### पीएम ने समीक्षा बैठक में दिए जरूरी निर्देश

इस घटना के तुरंत बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सात लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक की थी। इसमें हादसे पर बेहद दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान करने की घोषणा की गई थी। समीक्षा बैठक में विदेश मंत्री एस.जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, विदेश सचिव विनय क्वात्रा समेत प्रधानमंत्री कार्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## दोहरी फांसी की सजा वाले सात व उम्रकैद की सजा वाले दो बरी

**मद्रास** हाई कोर्ट ने चर्चित डॉ एसडी सुब्बैया हत्याकांड में शुक्रवार को नौ दोषियों को बरी कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने इनमें से सात को मौत और दो को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। यह मामला 2013 का है जब संपत्ति विवाद की वजह से डॉ. सुब्बैया की हत्या हुई। सजायाफ्ता दोषियों की अपील पर सुनवाई के बाद जस्टिस रमेश और जस्टिस सुंदर मोहन की खंडपीठ ने चेन्नई के अतिरिक्त सत्र न्यायालय के 2021 के आदेश को रद्द कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने स्कूल शिक्षक पोन्नुसामी, उनके बेटों बोरिस, बेसिल और विलियम के साथ-साथ डॉ. जेम्स सतीश कुमार, मुरुगन और सेल्वप्रकाश को हत्या और आपराधिक साजिश सहित अपराधों के लिए दोहरे मृत्युदंड और पोन्नुसामी की पत्नी मैरी पुष्पम और येसुराजन को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। खंडपीठ ने कहा, सभी अपीलों को स्वीकार किया जाता है। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की सजा और दोषसिद्धि को रद्द किया जाता है। अपीलकर्ताओं को सभी आरोपों से बरी किया जाता है। हाई कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को सभी दोषियों को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया।

अयोध्या में सभी बैरियरों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू

# अयोध्याः राम मंदिर को उड़ाने की धमकी, जैश-ए-मोहम्मद का ऑडियो वायरल होने के बाद अलर्ट जारी

मुंबई हलचल / अयोध्या

अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर को उड़ाने की एक बार फिर धमकी मिली है। इस बार धमकी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने दी है। इसका एक ऑडियो वायरल होने के बाद यूपी की योगी सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। राम नगरी में तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अलर्ट के बाद अयोध्या में रामकोट के सभी बैरियरों पर सघन चेकिंग अभियान के साथ जांच शुरू कर दी गई है। रामलला के दर्शन मार्ग पर भी श्रद्धालुओं की निगरानी बढ़ा दी गई है। बताया जाता है कि धमकी वाले ऑडियो में आमिर नामक जैश-ए-मोहम्मद आतंकी को कहते सुना जा रहा है कि हमारी मस्जिद को हटाकर मंदिर बनाया गया है। अब इसे बम से उड़ा दिया जाएगा। आतंकी कह रहा है कि हमारे तीन साथी कुर्बान हुए हैं और अब इस मंदिर को गिराना ही होगा। अलर्ट के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां ऑडियो की जांच कर रही हैं।



### तत्काल सतर्कता बढ़ाई

अयोध्या के राम मंदिर पर हमले की धमकी इससे पहले भी दो तीन बार मिल चुकी है। पिछले साल भी धमकी मिली थी। हालांकि तब फर्जी निकली थी। इससे पहले 2005 में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने यहां हमला भी किया था। अब एक बार फिर जैश-ए-मोहम्मद के नाम से अयोध्या में आतंकी हमले का ऑडियो वायरल हुआ तो सतर्कता तत्काल बढ़ा दी गई है। रामलला के मंदिर में एवं भक्तों के लिए चैकिंक अभियान शुरू कर दिया है।

विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया

# दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को बरी किया गया

मुंबई हलचल / मुंबई

भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को महाराष्ट्र में ठाणे की एक कोर्ट ने जबरन वसूली के मामले में बरी कर दिया। जानकारी के अनुसार ठाणे में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत नामित एक विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया।


कोर्ट के न्यायाधीश अमित एम शेटे ने कहा कि अभियोजन पक्ष कासकर के खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा, इसलिए आरोपी को संदेह का लाभ मिला। ठाणे पुलिस ने 2017 में कासकर के खिलाफ एमसीओसीए



की धारा 3 (संगठित अपराध) के अलावा भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली), 386 (किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालकर वसूली), 387 (वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालना), 34 (सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया था।

# भाजपा के नामित स्पीकर का जेडीयू करेगी समर्थन, दोनों में सहमति


## कैबिनेट में पहले से ही भाजपा का दबदबा अब स्पीकर पद के लिए भी साफ हुआ रास्ता



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट में इस बार भी भारतीय जनता पार्टी का ही दबदबा रहने वाला है। जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का सपोर्ट करने की बात कही है।

मालूम हो कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का जदयू हिस्सा है। जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा स्पीकर पद के लिए भाजपा की ओर से नामित कैंडिडेट का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा कि जेडीयू और टीडीपी मजबूती से एनडीए से जुड़े हैं। हम स्पीकर के लिए भाजपा के नामित व्यक्ति का समर्थन करेंगे।



### फिलहाल नाम उजागर नहीं

एनडीए सरकार में लोकसभा स्पीकर के पद को लेकर अभी भी किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनी है। इस बीच जनता दल (यूनाइटेड) के नेता केसी त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा हैं और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा नामित उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

### 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष पद का चुनाव, पहली बैठक 24 को

लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा की ओर से इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें कहा गया कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

### 27 को राष्ट्रपति संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी

सत्र के पहले 2 दिन नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण होंगे। अध्यक्ष के चुनाव के लिए 26 जून की तिथि तय की गई है, जबकि 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। प्रस्ताव के लिए नोटिस का समर्थन किसी तीसरे सदस्य द्वारा किया जाना चाहिए। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा यह बयान भी दिया जाना चाहिए कि वह निर्वाचित होने पर अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए तैयार है। लोकसभा सचिवालय ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि कोई सदस्य अपना नाम प्रस्तावित नहीं कर सकता है।

### बात साफ... भाजपा का होगा स्पीकर

केसी त्यागी से कुछ विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों के बारे में सवाल पूछा गया था। उनसे कहा गया कि क्या नया लोकसभा अध्यक्ष टीडीपी या जेडीयू से हो सकता है? इसके जवाब में उन्होंने भाजपा की ओर से नामित उम्मीदवार को समर्थन देने की बात कही। मालूम हो कि भाजपा केंद्र में अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है। जेडीयू लीडर त्यागी की टिप्पणी इस टिप्पणी को बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकती है। अध्यक्ष पद का उम्मीदवार पार्टी के सहयोगियों में से नहीं होने वाला है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# उत्तराखंड की इन दो विधानसभा सीटों पर होगा उपचुनाव, भाजपा को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में कांग्रेस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**देहरादून।** प्रदेश में विधानसभा की रिक्त दो सीटों बदरीनाथ और मंगलौर में उपचुनाव की घोषणा होते ही कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। बदरीनाथ विधानसभा सीट पर लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पार्टी के विधायक राजेंद्र भंडारी के भाजपा में जाने से जिस प्रकार झटका लगा है, पार्टी उसी प्रकार उपचुनाव में भाजपा को कांटे की टक्कर देने की तैयारी कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा उपचुनाव के संबंध में गोपेश्वर में डेरा डाले हुए हैं। बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को प्रदेश की प्रमुख प्रतिपक्षी पार्टी ने अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। जोशीमठ आपदा के बाद से ही पार्टी इस विधानसभा क्षेत्र में जनता में अपनी पैठ और मजबूत करने के लिए लंबे समय से शक्ति झोंके हुए थी। कांग्रेस के क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र भंडारी लोकसभा चुनाव के दौरान ही पार्टी का दामन झटककर भाजपा में सम्मिलित हो गए। उनके भाजपा में जाने से रिक्त हुई इस सीट को उपचुनाव में कांग्रेस जीतना चाहती है। यद्यपि, कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं है। पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी का इस क्षेत्र में व्यक्तिगत प्रभाव माना जाता है। सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से चुनाव मैदान में उतरने की स्थिति में कांग्रेस के लिए उन्हें चुनौती देने में ज्यादा ताकत लगानी पड़ेगी। कांग्रेस के सामने इस सीट पर सबसे बड़ी चुनौती मजबूत प्रत्याशी के चयन की है। लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को अधिक मत पड़े हैं। भाजपा को ईवीएम पर 31,845 मत पड़े, जबकि कांग्रेस को 23,600 मत प्राप्त हुए हैं। कांग्रेस को आठ हजार से अधिक मतों से पिछड़ना पड़ा है। भाजपा को कांग्रेस की तुलना में पोस्टल बैलेट भी अधिक मिले हैं। इसके बावजूद कांग्रेस के लिए राहत की बात यह है कि पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी के गांव और आसपास के बूथों पर मतों के मामले में कांग्रेस बढ़त में रही है।

## आग बुझाने में नाबालिग की मौत

**अल्मोड़ा।** बिनसर अभयारण्य क्षेत्र के गैराड़ जंगल में आग बुझाने के दौरान एक नाबालिग की मौत हो गई। घटना में वन विभाग की लापरवाही सामने आई है। वहीं नाबालिग की मौत के बाद उम्र को लेकर विवाद शुरू हो गया है। विवाद शुरू होने के बाद वन विभाग के अधिकारी नाबालिग को अपना कर्मचारी होने से मना कर रहे हैं। जबकि बीते दिन घटना के बाद विभागीय अधिकारियों ने आग में झुलसने से एक फायर वाचर की मौत की पुष्टि की थी। बिनसर अभयारण्य क्षेत्र के गैराड़ जंगल में आग बुझाने के दौरान वन विभाग के चार कर्मचारियों की मौत हो गई थी। मृतकों में से एक करन आर्या निवासी भेटूली अयारपानी नाबालिग है। उसके आधार कार्ड में जन्मतिथि 20 सितंबर 2007 दर्ज है। उम्र के अनुसार अभी उसे 17 वर्ष भी पूरे नहीं हुए हैं। जबकि विभागीय अधिकारी करन आर्या की उम्र 21 साल बता रहे हैं। अब मृतक करन की उम्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने इसे विभाग की लापरवाही बताया है। वहीं मृतक की उम्र को लेकर स्थानीय लोग जांच की मांग उठा रहे हैं। विवाद बढ़ता देख अब विभागीय अधिकारी करन को अपना कर्मचारी होने से ही मना कर रहे हैं। ऐसे में अब सवाल खड़ा हो गया है कि यदि करन फायर वाचर नहीं था, तो आग बुझाने कैसे पहुंचा। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2012 के तहत 14 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों को किसी भी खतरनाक व्यवसाय में काम पर नहीं रखा जा सकता।



## वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# थोक महंगाई दर 15 महीने की ऊंचाई पर, मई में बढ़कर 2.61%, खाने-पीने की चीजें हुई महंगी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच खाद्य वस्तुओं और महंगे विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मई के महीने में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीने से बढ़ रही है।

अप्रैल में यह 1.26 प्रतिशत और मई 2023 में यह शून्य से 3.61 प्रतिशत नीचे रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में वृद्धि रही।'

### पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर रही है। इसका पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया था, जब थोक मुद्रास्फीति 3.85 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10 महीने के उच्च स्तर 9.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो एक महीने पहले अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी।

**खाद्य वस्तुएं और विनिर्मित वस्तुए की कीमतें बढ़ने से बढ़ी महंगाई**

**डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन माह से बढ़ रही**

**अप्रैल में थोक महंगाई दर 1.26 प्रतिशत दर्ज की गई**



*भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची: आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में लगातार आठवीं बार ब्याज दर को यथावत रखने का फैसला किया था। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता ने कहा कि देश में भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति भी ऊंची बनी रहने का अनुमान है।*

### मानसून की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

मानसून की प्रगति भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा वैश्विक धातु कीमतों में उछाल विनिर्माण श्रेणी में मुद्रास्फीति बढ़ने का कारण बना। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति मई में 0.78 प्रतिशत थी, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।

### प्याज, आलू व दाल की महंगाई दर बढ़ी

इसी तरह प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। हालांकि मई में थोक मुद्रास्फीति की वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है।

### खुदरा मुद्रास्फीति घटी

इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले 12 महीनों का सबसे निचला स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ही ध्यान में रखता है।

### कंपनियों के कच्चे माल की लागत बढ़ रही

बार्कलेज की अर्थशास्त्री श्रेया सोढानी ने कहा कि विनिर्माण के लिए मूल्य सूचकांक (जिसका डब्ल्यूपीआई में सर्वाधिक 64 प्रतिशत भारांक है) में लगातार चौथे महीने वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि कंपनियों की कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है।

### वैश्विक जिंस की कीमतों में गिरावट दर्ज

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, "जून 2024 में अभी तक वैश्विक जिंस की कीमतों में मासिक आधार पर गिरावट आई है। इससे महीने में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में उछाल पर काबू पाने में मदद मिलेगी और प्रतिकूल आधार का मुकाबला किया जा सकेगा। कुल मिलाकर इक्रा का अनुमान है कि जून 2024 में कुल थोक मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर तीन प्रतिशत हो जाएगी।"

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# किडनी को रखना है स्वस्थ तो करें इन जड़ी-बूटियों का सेवन

भागदौड़ भरी जिंदगी में गलत खान-पान के कारण किडनी से संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही है। किडनी शरीर का खास हिस्सा है जो शरीर से विषैले पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करती है और शरीर को रोगों से बचाती है। इसलिए स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। अगर आप चाहते हैं आपकी किडनी सही तरीके से काम करें तो दिन में अधिक से अधिक पानी पीएं और कुछ जड़ी बूटियों की भी मदद ले सकते हैं। इन जड़ी बूटियों से किडनी स्टोन, किडनी कैंसर और किडनी से संबंधित अन्य समस्याओं से बचा जा सकता है।
आज हम आपको ऐसी जड़ी बूटियों को बारे में बताएंगे, जिसे इस्तेमाल करके आप अपनी किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं।

**1. अजमोद हर्ब**
इसमें लूटेओलिन एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जो शरीर से विषैले पदार्थ फ्री रेडिकल्स को बाहर निकाल कर किड्नी को स्वस्थ रखने में मदद करता है। अजमोद में विटामिन ए और सी भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

**2. धतूरे की जड़**
किडनी को मजबूत करने में धतूरे की जड़ काफी मददगार है। यह रक्त शुद्धिकरण करने में भी मदद करती है। इसके सेवन से शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले एसिड और विषैले पदार्थ बाहर निकलते हैं। यह पिट्यूटरी ग्रंथि से प्रोटीन को बाहर निकाल कर हार्मोन में संतुलन बनाएं रखता है।



**3. अमरबेल हर्ब**
अमरबेल पौधे के पीले फूल रक्त की शुद्धिकरण में मदद करते हैं। यह किडनी के अलावा लीवर को भी स्वस्थ रखता है।

**4. करौंदा जड़ी बूटी**
यह बहुत फायदे की जड़ी बूटी है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट किडनी से यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है। इसमें यूरिया निकालने की क्षमता होती है।

**5. सिंहपर्णी की जड़**
यह लीवर और किडनी से विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर उनकी कार्य करने की क्षमता को बढ़ाती है। यह भी रक्त शुद्धिकरण में मदद करता है।

**6. मंजिष्ठा हर्ब**
इसे आयुर्वेद में बहुत अच्छा माना गया है। यह किडनी के अलावा रक्त से भी विषैले पदार्थों को बाहर निकाल कर शुद्ध करता है।

**7. गोल्डनरॉड (Goldenrod)**
गोल्डनरॉड के सेवन से किडनी में मौजूद विषैले पदार्थ बाहर निकलते है और यह किडनी को मजबूत रखने में मदद करता है।

**8. गुडूची(Guduchi)**
किडनी को स्वस्थ रखने में यह बहुत कारगार उपाय है। गुडूची रक्त में होने वाले विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है इसलिए इसका सेवन धूम्रपान और शराब पीने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद होता है।

# पार्लर से नहीं, घर पर इन 5 आसान स्टेप से करें बॉडी पॉलिशिंग



खूबसूरती के लिए लड़कियां कई ब्यूटी ट्रीटमेंट लेती है, जिसमें से एक है बॉडी पॉलिशिंग। बॉडी पॉलिशिंग आपके पूरे शरीर की खूबसूरती बढ़ाने का सबसे लाजवाब तरीका है। इससे बॉडी पर न सिर्फ ग्लो आता है बल्कि इससे पूरे शरीर की स्किन सॉफ्ट और स्मूद भी हो जाती है। लड़कियां पार्लर में जाकर बॉडी पॉलिशिंग पर पैसे खर्चती हैं लेकिन आप घर पर भी आसान स्टेप से बॉडी पॉलिशिंग कर सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे और कोई नुकसान भी नहीं होगा।

**क्या होती है बॉडी पॉलिशिंग**
बॉडी पॉलिशिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है, जिससे पूरे शरीर को एक्सफोलिएट और मॉइश्चराइज्ड किया जाता है। इससे आपको सन डैमेज और डिहाईड्रेट स्किन से राहत मिलती है। इसके अलावा नियमित रूप से हर महीने 1 बार बॉडी पॉलिशिंग करने से डेड सेल्स निकल जाते हैं और शरीर में नए सेल्स बनते हैं। इसे कराने से शरीर में ऑक्सीजन स्पलाई भी अच्छी तरह होती है।

**बॉडी पॉलिशिंग के लिए जरूर सामान**
**स्क्रब**
**प्यूमिस स्टोन**
**जैतून का तेल**

**इस तरह करें बॉडी पॉलिशिंग**

**स्टेप-1**
बॉडी पॉलिशिंग करने के लिए सबसे पहले एक तौलिए को गर्म पानी में भिगोएं और इससे पूरे शरीर को साफ करें। आप चाहें तो शरीर को साफ करने के लिए गुनगुने पानी से शॉवर भी ले सकती हैं।

**स्टेप-2**
शरीर को साफ करने के बाद जैतून के तेल को गुनगुना कर लें। इसके बाद इससे चेहरे और शरीर पर मसाज करके 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद शरीर को साफ कर लें।

**स्टेप-3**
तेल साफ करने के बाद पूरे शरीर पर स्क्रब लगाएं। इसके लिए आप घर में चीनी और शहद को मिलाकर भी स्क्रब बना सकती हैं। आप चाहें तो अपनी स्किन टाइप के हिसाब से मार्केट में मिलने वाले स्क्रब का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

**स्टेप-4**
इसके बाद प्यूमिस स्टोन की मदद से कोहनी, घुटने, एड़ियों और शरीर के सख्त हिस्से को साफ करें। शरीर के बाकी हिस्सों को चेहरे को हाथ से रगड़ कर साफ कर लें।

**स्टेप-5**
5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से शॉवर ले लें। शॉवर लेने के बाद मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं। बॉडी पॉलिशिंग करने के करीब 2-3 दिन तक नहाते समय साबुन का इस्तेमाल न करें।

## बच्चों में शुरू से डालें ये 5 आदतें, कभी नहीं होगी दिल की बीमारी

दुनियाभर में दिल के रोगों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हर साल करोड़ों लोग हृदय रोगों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण बचपन से ही खान-पान की गलत आदत और कम शारीरिक मेहनत है। इसी कारण बच्चों में भी हार्ट के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगर बच्चों में बचपन से ही कुछ आदतें डाली जाएं, तो उनमें दिल की बीमारियों की आशंका कम होती है और वो एक स्वस्थ और लंबा जीवन जी सतके हैं।

**पढ़ाई के साथ खेल और एक्सरसाइज**
आजकल माता-पिता बच्चों को हर समय पढ़ने की नसीहत देते हैं। मनोवैज्ञानिक आधार पर देखें तो बच्चे एक दिन में 8-10 घंटे से ज्यादा पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इसमें स्कूल में पढ़ाई का समय भी शामिल है। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की फिजिकल फिटनेस भी जरूरी है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को आउटडोर गेम्स के लिए प्रेरित करें और रोज कम से कम आधा घंटा एक्सरसाइज करवाएं। बच्चों को एक्सरसाइज करवाने के लिए आप भी एक्सरसाइज करें। इससे आप भी फिट रहेंगे। रोजाना आधा घंटा एक्सरसाइज करके आप दिल की बीमारियों की आशंका को 60 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं।

**हेल्दी डाइट की आदत डालें**
दिल को स्वस्थ रखने का सबसे आसान तरीका है स्वस्थ और पौष्टिक आहार खाना। इसके लिए बच्चों को बचपन से ही कम शुगर और कम नमक खाने की आदत डालवाएं। इसके अलावा अनहेल्दी फैट युक्त आहार, हाई कैलोरी फास्ट फूड्स और जंक फूड्स बहुत कम खाने दें। किसी स्पेशल मौके पर कुछ फास्ट फूड्स खाए जा सकते हैं मगर उन्हें



भी आप स्मार्टली हेल्दी तरीके से बना सकती हैं। फल और सब्जियां खूब खिलाएं। रोजाना सुबह चार बादाम और एक ग्लास दूध आपके लाडले को दिन भर एनर्जी और पोषण भी देंगे और इससे बच्चों की मेमोरी पावर भी अच्छी हो जाएगी। दिल के लिए सबसे घातक होता है कोलेस्ट्रॉल, नमक और चीनी इसलिए खाने में इन तीनों का संतुलन जरूरी है।

**वजन न बढ़ने दें**
बच्चों में आजकल मोटापे की समस्या बहुत ज्यादा हो रही है। मोटापे की वजह से कई तरह के गंभीर रोगों की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को मोटापे से दूर रखें। अगर बच्चे रेगुलर एक्सरसाइज करेंगे और हेल्दी डाइट लेंगे, तो उनका वजन कंट्रोल रहेगा और बॉडी फिट रहेगी। इससे उनका विकास यानि शरीर की लंबाई, चौड़ाई और मजबूती भी अच्छी रहेगी। वजन कंट्रोल करने में नियम का पालन बहुत जरूरी है। पूरे परिवार के खाने का समय और सोने का समय तय कर दीजिए। अनियमित जीवन के कारण कई बार हेल्दी चीजें खाने के बावजूद आप बीमार पड़ सकते हैं।

**ब्लड प्रेशर पर नजर रखें**
स्वस्थ जीवन के लिए ब्लड प्रेशर का सही होना बहुत महत्वपूर्ण है। दिल की बीमारियों की मुख्य वजह भी ब्लड प्रेशर ही होता है। ब्लड प्रेशर पर नजर रखने के लिए इसे रेगुलर बेसिस पर चेक करते रहना जरूरी है। ब्लड प्रेशर बताता है कि आपके दिल को आपके शरीर के लिए ब्लड पंप करने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है।

## एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स दबाएं और हर बीमारी का समाधान पाएं

पैरों के एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स : शरीर में कई ऐसे प्रेशर प्वाइंट्स होते हैं, जिनका कनेक्शन शरीर के दूसरे भागों से होता है। हाथों-पैरों के इन प्वाइंट्स को दबाकर रोगों का इलाज किया जा सकता है। पैरों के इन प्वाइंट्स को रोज 10 या 15 मिनट तक दबाकर कई बीमारियों से राहत पाई जा सकती है। पैरों के इन एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स को अच्छी तरह और सही तरीके से दबाकर आप मांसपेशियों की ऐंठन या जकड़न, ब्लोटिंग, अपच, भूख से संबंधित समस्या को दूर कर सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि पैरों के नीचे मौजूद किन एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स को दबाकर आप बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# गदर 2 बन जाती गटर, अमीषा पटेल का डायरेक्टर पर बड़ा खुलासा



**बॉलीवुड** की फेमस एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने अपनी पिछले साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर 2 को लेकर बड़ा खुलासा किया है। अमीषा कहती हैं, इस फिल्म की मेकिंग के दौरान कुछ ऐसा हुआ जिससे फिल्म गलत दिशा में जा रही थी, लेकिन समय रहते इसे बचा लिया गया। अमीषा पटेल ने बताया कि निर्देशक अनिल शर्मा का गदर 2 को लेकर एक छुपा हुआ एजेंडा था, जिससे फिल्म गटर बनने वाली थी। उन्होंने कहा, अनिल शर्मा फिल्म को एक अलग दिशा में ले जा रहे थे, लेकिन हमने समय रहते इसे सही दिशा में मोड़ा। अमीषा ने खुलासा किया कि उन्होंने और सनी देओल ने फिल्म में कई सुधार किए थे। हम दोनों ने बहुत सारी एडिटिंग और री-शूटिंग की थी, अमीषा ने कहा। हमने निर्देशक के साथ काफी क्रिएटिव डिस्कशन की और हमारे बीच कई बार आग्युमेंट्स भी हुए। सनी और मैं लगभग फिल्म के सेमी घोस्ट डायरेक्टर्स की तरह थे। अमीषा पटेल ने अपने बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर को भी क्रेडिट दिया। यदि कुणाल ने अपने आर्टिस्टिक इनपुट्स के साथ फिल्म को बचाने के लिए कदम नहीं उठाया होता, तो गदर 2 वास्तव में गटर बनने वाली थी, उन्होंने कहा। कुणाल ने सनी देओल को अलर्ट किया कि कुछ चीजें गलत हो गई हैं, और उन्हें ठीक करने की जरूरत है।



G. D. JALAN COLLEGE
Estd. : 2011
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)
*Upper Govind Nagar, Malad (East)*
NAAC accredited with B+ ISO 9001: 2015 Certified College

Admissions Open

The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)

B.Com.: : Bachelor of Commerce
B.Com.: : Bachelor of Commerce (Management Studies)
B.A.F.: : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)
B.Sc.: : Bachelor of Science
B.Sc.I.T.: : Bachelor of Science (Information Technology)

College Code : MU-0527
Contact Number: 9321558419/ 9321674124